KNLS LIVE
24x7 KNLS लाइव
हर ख़बर लाइव
आपका अपना चैनल
www.knlslive.com
join now
9027776991

दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
हिन्दी–अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code
UPBIL05086

दैनिक समाचार पत्र
क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता एवम् विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें
9027776991
knlslive@gmail.com

वर्ष :- 02 अंक :- 20 मुरादाबाद, 12 May2021 (Thursday) पृष्ठ :- 04 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## राजनीति की 'गीता' बनेगी पीएम नरेंद्र मोदी पर आई पुस्तक, बुक लॉन्चिंग पर बोले अमित शाह



पीएम नरेंद्र मोदी के राजनीतिक जीवन के 20 वर्षों पर आई पुस्तक को राजनीति में सक्रिय लोगों के लिए अमित शाह ने गीता के समान बताया है। अमित शाह ने पुस्तक विमोचन के मौके पर कहा कि मैं इस किताब में दिए गए चैप्टर्स पर नहीं बल्कि पीएम नरेंद्र मोदी के बारे में बात करूंगा। उन्होंने कहा कि इस किताब में मोदी जी के 20 साल के अनुभव के बारे में बात की गई है, लेकिन इससे पहले के उनके 30 सालों के सफर को जाने बिना यह अधूरा है। उन्होंने कहा कि कैसे एक आदमी जो कभी पंचायत का सदस्य भी नहीं रहा और आज वह वैश्विक नेता हैं, यह जानने की जरूरत है।

### 30 सालों तक गरीबों के बीच पीएम मोदी ने किया था काम

उन्होंने 30 सालों तक संगठन में काम किया। बाइक, बस, रिक्शे और पैदल सफर कर वह लोगों के घरों तक जाते थे और बेहद सहज भाव से सबके साथ बैठकर भोजन करते देखा है। नीतियां बनाते हुए हर व्यक्ति को ध्यान में रखने का विचार कहां से आता है। इस सवाल का जवाब में उनके उस 30 साल के अनुभव में है। उन्होंने समस्याओं को समझा, उनका विश्लेषण किया और उसके आधार पर उनका समाधान ढूंढने का काम किया। इस तरह से वह एक सफल मुख्यमंत्री बने और फिर पीएम के तौर पर अपनी जगह बनाई। यदि किसी व्यक्ति के मन में आम लोगों के प्रति दर्द पैदा नहीं होता है तो वह नरेंद्र मोदी नहीं बन सकता है।

### पंचायत तक का नहीं था अनुभव, फिर भी पेश किया उदाहरण

पीएम नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के 20 सालों पर आई पुस्तक मोदी@20: ड्रीम्स मीटिंग डिलिवरी का उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने विमोचन किया। अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को चुनाव का पहले से कोई अनुभव नहीं था और वह मुख्यमंत्री बन गए। इससे पहले वह पंचायत के सदस्य तक नहीं थे और उन्हें अचानक भूकंप से पीड़ित राज्य का सीएम बना दिया गया। इसके बाद भी बार-बार चुनकर आना और प्रभावशाली तरीके से नेतृत्व करना अहम है। गुजरात के अंदर उन्हें सर्वसमावेशी विकास हुआ। इससे मोदी जी का परिचय मिलता है। बचपन में गरीबी का सामना करने के चलते वे कमजोर वर्ग के लोगों की पीड़िताओं से परिचित थे।

### योजनाओं में अंतिम व्यक्ति का ख्याल रखते हैं पीएम नरेंद्र मोदी

वह जानते थे कि कैसे समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए योजनाएं बन सकती हैं और उन्हें आसानी से उन तक पहुंचाया जा सकता है। इसका उदाहरण पीएम नरेंद्र मोदी ने पेश किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ अभियान की शुरुआत की थी। गुजरात में प्राइमरी शिक्षा का मॉडल पूरे देश में एक उदाहरण के तौर पर सामने आया था। उन्होंने कहा कि गुजरात में किसानों तक योजनाओं को पहुंचाया गया था। अमित शाह ने कहा कि मोदी को उस वक्त सत्ता मिली, जब माना गया था कि सरकारें तो ऐलान करती ही रहती हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं है। पीएम मोदी अपनी योजनाओं में संख्या की बात नहीं करते हैं बल्कि हर किसी तरह चीजों को पहुंचाने की बात करते हैं।

## लक्ष्मण रेखा का करें सम्मान, देशद्रोह कानून पर रोक लगाए जाने के बाद बोले कानून मंत्री किरेन रिजिजू



देशद्रोह कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद तमाम प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई है। सुप्रीम फैसले के तुरंत बाद केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वह अदालत और इसकी स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन एक लक्ष्मण रेखा है जिसे पार नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद देशद्रोह कानून पर फिलहाल रोक लगी रहेगी क्योंकि अभी सरकार की इस पर समीक्षा करनी बाकी है। तब तक देशद्रोह के आरोप में जेल में बंद आरोपी जमानत के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आज केंद्र के इस तर्क को खारिज कर दिया कि अदालतों में इस तरह के मुकदमे जारी रहने चाहिए क्योंकि आतंकवाद जैसे आरोप शामिल हो सकते हैं। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने संवाददाताओं से कहा, हमने अपनी स्थिति बहुत स्पष्ट कर दी है और अपने पीएम (प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी) के इरादे के बारे में अदालत को सूचित किया है। हम अदालत और इसकी स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं। लेकिन एक लक्ष्मण रेखा है जिसका सम्मान सभी अंगों द्वारा किया जाना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम भारतीय संविधान के प्रावधानों के साथ-साथ मौजूदा कानूनों का सम्मान करें। रिजिजू ने कहा, हम एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। अदालत को सरकार, विधायिका का सम्मान करना चाहिए, इसलिए सरकार को भी अदालत का सम्मान करना चाहिए। हमारे पास सीमा का स्पष्ट सीमांकन है और लक्ष्मण रेखा को किसी के द्वारा पार नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि किरेन रिजिजू इस सवाल का जवाब देने से बच गए कि जब उनसे पूछा गया कि क्या सुप्रीम कोर्ट का फैसला उनकी नजर में गलत है?

## एक केस में जमानत मिलते ही नया केस? आजम की बेल पर SC ने यूपी सरकार से पूछा; 17 को होगी सुनवाई



आजम खान को शत्रु सम्पत्ति मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई लेकिन अभी उनके जेल से बाहर आने के आसार नहीं है। वजह ये कि हाल ही में उनके खिलाफ एक और केस दर्ज हो गया है। इस बीच बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने आजम खान की जमानत पर यूपी सरकार से पूछा कि आजम खान को जमानत मिलते ही एक और केस दर्ज होने का इत्तेफाक क्यों हो रहा है? कोर्ट ने यूपी सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में आजम खान की जमानत याचिका पर सुनवाई की तारीख तय थी। जस्टिस एल नागेश्वर राव, बी आर गवई और बोपन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक मामले में सुनवाई के बाद और भी शिकायतें दर्ज होंगी। आजम खान को जब किसी एक मामले में जमानत मिलती है तो दूसरा केस दर्ज होने का इत्तेफाक क्यों? इस पर स्टेट काउंसिल ने कहा कि यह एक गलत धारणा है। हम इस पर हलफनामा दाखिल करेंगे।

### 17 मई को होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई मंगलवार यानी 17 मई तक के लिए स्थागित कर दी। गौरतलब है कि आजम खान के खिलाफ दर्ज कुल 89 में से 88 मामलों में उन्हें जमानत मिल चुकी है। कल हाईकोर्ट ने उन्हें 88 वें मामले में जमानत दी। यह मामला शत्रु सम्पत्ति से सम्बन्धित था। पहले माना जा रहा था कि यदि शत्रु सम्पत्ति मामले में जमानत याचिका पर हाईकोर्ट का फैसला आजम खान के पक्ष में आता है तो उन्हें जेल से रिहाई मिल जाएगी लेकिन कुछ दिन पहले ही एक नया मामला दर्ज होने के बाद स्थिति बदल गई।

### आजम के खिलाफ क्या है नया मामला

चार दिन पहले ही आजम खान पर एक और केस दर्ज हो गया है। उन पर रामपुर पब्लिक स्कूल (आरपीएस) की मान्यता को लेकर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगा है। भाजपा नेता आकाश सक्सेना की शिकायत पर पुलिस ने आजम खां को मुख्य आरोपी बनाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में रखने का वारंट हासिल कर लिया है।

## सपना चौधरी को कोर्ट से राहत, इस पुराने केस में मिली अंतरिम जमानत



डांस इवेंट के टिकट बेचकर जनता के लाखों रुपए हड़पने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शान्तनु त्यागी ने नृत्यांगना सपना चौधरी की 25 मई तक सशर्त अंतरिम जमानत स्वीकार करते हुए 20-20 हजार की दो जमानतें और व्यक्तिगत मुचलका दाखिल करने पर रिहा कर दिया है।गौरतलब है कि दर्शकों के लाखों रुपये इकट्ठा करने के बाद सपना चौधरी ने 13 अक्टूबर 2018 को स्मृति उपवन में कार्यक्रम नहीं किया था। अदालत ने कहा कि सपना चौधरी 25 मई को कोर्ट में हाजिर होंगी और अपने जमानतदारों और अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराएगी। दी गई अंतरिम जमानत का दुरुपयोग नहीं करेंगी। सपना चौधरी के कोर्ट में आत्मसमर्पण के दौरान काफी संख्या में लोग उन्हें देखने के लिए मौजूद थे। उन्होंने अर्जी देकर कोर्ट से गुजारिश की कि उन्हें इस मामले में हिरासत में लिया जाए।

### धोखाधड़ी में राहत नहीं

उधर, हल्दीराम की फ्रेंचाइजी के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपए हड़पने के आरोपी राकेश कुमार की जमानत अर्जी को भ्रष्टाचार निवारण के विशेष न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव ने खारिज कर दी। अदालत के सामने सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष रावत और कमल अवस्थी ने अपने-अपने तर्क प्रस्तुत किए थे।

## सीएम योगी का बड़ा आदेश: 30 सालों से बंद पड़े यूपी सरकार के ट्रेनिंग सेंटर्स को कराएं शुरू



यूपी के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ इन दिनों सख्त दिखाई दे रहे हैं। बुंदेलखंड के बाद सीएम दो दिन के मेरठ के दौरे पर पहुंचे थे। इसके बाद वह लखनऊ पहुंचे और अफसरों को सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एएनएम और जीएनएम के पिछले तीन दशकों से बंद पड़े राज्य सरकार के ट्रेनिंग सेंटर्स को फिर से शुरू किया जाए। शुरुआत में नौ जीएनएम व 34 एएनएम सेंटर्स को शुरू किया जाय। साथ ही मेडिकल कॉलेज/जिला अस्पतालों में भी ट्रेनिंग करवाई जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छता हो, अनावश्यक तालाबंदी न रहे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया जाए। इसमें अंतर्विभागीय समन्वय हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि मंडलीय भ्रमण से लौटे मंत्री समूहों की रिपोर्ट सभी विभागों को दी जाये और इस पर यथोचित कार्यवाही की जाय, यह भ्रमण जारी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकालीन सेवा 108/102 के बेहतर संचालन व्यवस्था के लिए मंडलों का क्लस्टर तैयार किया जाए। इसका प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया जाए।

### अनावश्यक माइक भी हटा सकती है योगी सरकार, सीएम ने दिए संकेत

मेरठ से निकलने से पहले क्रांति दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि क्रांतिकारियों के सपने को यूपी साकार कर रहा है। यूपी ने दिखा दिया कि अनावश्यक माइक भी हट सकते हैं, लाउडस्पीकर हट सकते हैं और सड़कों पर नमाज नहीं हो सकती। मुख्यमंत्री ने कहाकि आयोजन कोई भी हो आम लोगों का आवागमन बाधित नहीं होने देंगे। करीब 67 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सारी सुविधाएं देगी लेकिन लोक व्यवस्था बाधित नहीं होने देगी। 10 मई 1857 की 167वीं जयंती पर मेरठ आए योगी आदित्यनाथ ने शहीद स्मारक पर अमर जवान ज्योति पर माल्यार्पण किया। उन्होंने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी धन सिंह कोतवाल की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री बाबा औघड़नाथ मंदिर भी गए जहां से प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का शुभारंभ हुआ था। इस अवसर पर उन्होंने क्रांतिकारियों के परिजनों और सेनानियों को सम्मानित भी किया।

## वैवाहिक दुष्कर्म अपराध है या नहीं, दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनाया बंटा हुआ निर्णय




नई दिल्ली - वैवाहिक दुष्कर्म के अपराधीकरण की मांग वाली विभिन्न याचिकाओं पर बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने खंडित निर्णय सुनाया है। निर्णय सुनाते हुए जहां न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने वैवाहिक दुष्कर्म के अपराध से पति को छूट देने को असंवैधानिक करार दिया। पीठ ने सहमति के बिना अपनी पत्नी के साथ संभोग करने पर पतियों को छूट देने वाली आइपीसी की धारा-375, 376बी के अपवाद-दो को अनुच्छेद-14 का उल्लंघन बताते हुए रद कर दिया। वहीं, न्यायमूर्ति शकधर के विचारों से असहमति व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने माना है कि धारा-375 का अपवाद-दो संविधान का उल्लंघन नहीं करता है, क्योंकि यह समझदार अंतर और उचित वर्गीकरण पर आधारित है।दोनों ही न्यायमूर्ति ने इसके साथ ही याचिकाकर्ताओं व प्रतिवादियों को उनके निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की स्वतंत्रता दी है। सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति राजीव शकधर व न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने 21 फरवरी को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। दिन-प्रतिदिन हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी थी कि सरकार न तो इसके पक्ष में है और न ही भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) के तहत पतियों को दी गई छूट को खत्म करने के खिलाफ है। एक संवेदनशील सामाजिक-कानूनी मुद्दा होने के कारण वैवाहिक दुष्कर्म के अपराधीकरण करने की मांग पर 'समग्र दृष्टिकोण' लिया जाना चाहिए। गैर सरकारी संगठन आरआइटी फाउंडेशन समेत अन्य याचिकाओं ने याचिका दायर कर वैवाहिक दुष्कर्म के अपराधीकरण का निर्देश देने की मांग की थी।केंद्र ने सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा था कि इस मामले में विभिन्न हितधारकों और राज्य सरकारों के साथ परामर्श प्रक्रिया की आवश्यकता है। एक याचिकाकर्ता खुशबू सैफी की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कालिन गोंसाल्वेस ने दलील दी थी कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा का मामला घर की सीमाओं में है। कभी दर्ज नहीं किया गया और न ही कोई प्राथमिकी है। कितनी बार है कि संस्थागत विवाह के अंदर दुष्कर्म होता है, लेकिन कभी इसका विश्लेषण या अध्ययन नहीं किया जाता है।

## चंपावत उपचुनाव:यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ फिर आएंगे उत्तराखंड, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लिए मागेंगे वोट



चंपावत उप चुनाव के लिए भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों को मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ एक बार फिर उत्तराखंड आकर सीएम धामी के लिए वोट मांगेंगे। पार्टी की ओर से स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गई। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र तथा राज्य से 40 वरिष्ठ नेताओं के नाम स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है।चंपावत उप चुनाव के लिए भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों को मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ एक बार फिर उत्तराखंड आकर सीएम धामी के लिए वोट मांगेंगे। पार्टी की ओर से स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गई। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र तथा राज्य से 40 वरिष्ठ नेताओं के नाम स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है।

## अखिलेश यादव का आरोप, जो भाजपा का नहीं, उसी पर चल रहा बुलडोजर, मुसलमानों को डरा रही BJP



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर बुलडोजर को लेकर योगी सरकार पर हमला बोला है। अखिलेश ने कहा कि बुलडोजर केवल उन्हीं लोगों पर चल रहा है जो भाजपा के नहीं हैं। आजम खां को लेकर भी अखिलेश ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। आजमगढ़ में पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान के घर उनकी माता के निधन पर शोक संवेदना जताने पहुंचे अखिलेश ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार लगातार आजम खां को किसी न किसी मामले में फंसाने का प्रयास कर रही है। लेकिन मुझे कोर्ट से पूरी उम्मीद है। जल्द ही आजम खां साहब रिहा होंगे। अखिलेश ने कहा कि सरकार बुलडोजर चलाकर डराना चाहती है। खासकर मुसलमान भाइयों के दिल में डर पैदा करने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। जो उनके दल के नहीं है उन पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। मामले में भी प्रतिक्रिया दी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा केवल समाज मे खाई पैदा करने का काम कर रही है। सुप्रीम कोर्ट के कई आदेश हैं, जिसमें यह कहा गया है कि पुराने धार्मिक मामलों से छेड़छाड़ न हो। इसके बाद भी इस तरह के मामलों को उठाया जा रहा है।

# संपादकीय Editorial

## This is Delhi…

Illegal encroachment is also there in the Delhi which is ruled by the capital and Parliamentary Delhi. Rather there are more and more uncontrolled. Of course, questions have also been raised on such encroachments, but the bulldozer could not dare. In fact, the Municipal Corporations work under this Delhi only. Police is also under them. Only Delhi can interpret and amend the Constitution. So who can dare to demolish illegal constructions and break encroachments? We have done an analysis disclosing where there are illegal encroachments in the capital Delhi. It seems inconsistent to repeat him. Another is Delhi, where there is not only illegal encroachment, but there is also open infiltration of Bangladeshis and Rohingya Muslims. They have government documents like aadhar card and ration card. They have been in Delhi for decades and their women work from house to house. Shaheen Bagh is a part of that Delhi where it was dared to send bulldozers on Monday. The atmosphere remained hot for about two and a half hours. The protests appeared to be raging. When the protestors started climbing on the bulldozers, the security forces had to intervene. Women also opened the front. MLA Amanatullah Khan kept asking where is the encroachment? I am ready to remove it myself. Ultimately the bulldozer failed. The bulldozers, including the officers and personnel of the municipal corporation, also had to return empty-handed. Bulldozer campaign continues in Delhi, but only for poor people. Delhi of rich and powerful class is different. The protests and political interference that happened at Shaheen Bagh was not unprecedented. This is a Muslim majority area. There was a sit-in in Shaheen Bagh itself, for a long time, over the Citizenship Amendment Act and the National Register of Citizens. There were only women at the front. From the security forces to the Supreme Court, they were unable to lift the dharna. Eventually some pressure had to be used. Illegal construction and encroachment are irrelevant issues in the capital Delhi. This is Delhi, there is still a slum at every corner of it. Even today thousands of settlements are irregular in this Delhi which is why they are illegal. It is interesting that Congress, AAP and Left parties etc. are against the bulldozer campaign as BJP is ruling in the municipal corporation. The Supreme Court has also ruled that we do not interfere in the work of the Municipal Corporation, but the question is, why don't you give notice before running the bulldozer? We are warning you not to demolish any building without notice. Will this decision of the Supreme Court be fully implemented? Why did the Supreme Court not give any direction on those illegally encroached buildings and rooms, where the Municipal Corporation could not dare to go? Street vendors and footpaths are also litigants in this case. The Supreme Court has said that if street vendors are also found violating the law, then legal action can be taken against them too. There is a contradiction in the Delhi that this is. The Modi government gives bank loans to small traders with street tracks and footpaths. If they can do business, they will do it only through street vendors. But the municipal corporation is also running bulldozers on them. The Supreme Court has also indirectly prohibited doing business on the road. People have been doing business on the street near Parliament and outside government buildings. There are also kiosks. Tea is being made on the street. Fruits are sold and the business of cutting hair has also been going on for a long time. Of course they are illegal and are being encroached upon. Never seen a bulldozer in this Delhi.

www.knlslive.com

## Neha Dhupia was forbidden from giving outfits by big designers, now the anger has come out

Neha Dhupia has vented her anger on the double standard of people. He has told in an interview that after the birth of son Gurik, he had to go to a friend's wedding. Neha sought outfits for herself from many big designers. Neha considered him a good friend. The designers told Neha that they do not have anything worth Neha. Now Neha Dhupia has vented anger on double standards. Neha Dhupia did not tell which friend's marriage she is talking about. However, their son was born in October last year. In December, she went to the wedding of Katrina Kaif and Vicky Kaushal. 8 months after the daughter had depression- Neha Dhupia frankly keeps her heart in front of everyone. After the birth of daughter Mehr, she gave birth to son Gurik last year. In an interview to Filmfare, Neha talked about her pregnancy. Neha said, for the first time after the birth of the child, I was in postpartum depression for 8 months. The second time I recovered quickly because I knew what was happening to me. I have designers who are very good and used to design my clothes. Said- Double standard is everywhere- Neha said, soon after giving birth to the child, I went to a friend's wedding. I wanted to wear something fancy and couldn't fit in. Don't know why I am telling you this but there are many A-lister designers whom I consider to be friends, they said, listen, there is nothing for you. Double standards are everywhere. But okay man, that's part of the game. If they want to treat people like that then fine.



## Ranveer Singh revealed about the sequel of 'Simmba' before the release of 'Jayeshbhai Jordaar', said- 'It is one of my favorite films'

Bollywood's super energetic actor Ranveer Singh is in a lot of discussion about his films. He often shares updates related to his upcoming films on social media. Now the information is coming that the actor can start the preparations for Simmba 2 soon. Ranveer Singh during a conversation with Film Companion said about the film Simmba 2, If Simmba 2 is not made, then I will be very disappointed. Simmba was a surprise character, which I love very much and is one of my favorite performances of all time. This is one of my favorite movies. He added, "In truth, Simmba was always designed to be a franchise. So whenever Rohit Shetty Bhai calls, I will definitely do this film. Let us tell you that the film Simmba starring Ranveer Singh and Sara Ali Khan released in the year 2018 revolves around a corrupt police officer and an influential smuggler Durva. However, after an incident, there is a turn in Simmba's life, after which he follows the path of truth, honesty and punishes the criminals in his own style. After all this, his fellow officers in the film appreciate Simba very much. Simmba is the official remake of 2015 Jr NTR starrer Temper. These days Ranveer Singh is in the news for his film Jayeshbhai Jordaar. In this film, he is playing the character of a Gujarati man, who will be seen fighting for his unborn baby girl. Shalini Pandey is going to be seen in the lead role in this film along with Ranveer Singh. Apart from Ranveer Singh, Shalini Pandey, Boman Irani and Ratna Pathak Shah will also be seen in important roles in the film. Directed by Divyang Takkar, the film is produced under the banner of Yash Raj Films. The film will be released in cinemas on May 13, 2022.“Circus release date announced- At the same time, he has announced the release date of Rohit Shetty's directorial film Circus on Tuesday. The film will clash with Tiger Shroff's film Ganpat on the occasion of Christmas this year. Actress Jacqueline Fernandez will also be seen in the lead role along with Ranveer Singh in Circus.



## Government's gift for Indian sports lovers, you can enjoy all the test matches of India on DD Sports

New Delhi, Online Desk. Many times sports lovers complain that they could not watch the match of Indian cricket team because it was not coming in DD Sports but now it can be a thing of the past. In fact, to remove this dilemma of Indian sports lovers, a big good news has come out from the Ministry of Information and Broadcasting. Actually now you will be able to watch any match of Indian team on Doordarshan network. In a notification issued by the Ministry of Information and Broadcasting, it has been said that it will be mandatory to share the broadcasting signal of such events which will be under National Importance with Prasar Bharati. In a notification issued in March 2021, all Olympic Games, Commonwealth Games and Asian Games were declared as National Participation Events.“What things have been included in the cricket category - Talking about the cricket category, it will include all the ODIs, T20 matches and test matches played by the Indian team. This includes both men's and women's teams. Apart from this, Test matches organized by the ICC in which the Indian team is involved or the semi-final and final matches of the Cricket World Cup will come under this category. In addition, all semi-finals and finals of the ICC Champions Trophy (ODIs), all semi-finals and finals of the ICC World Test Championship, semi-finals and finals of the ICC Men's and Women's Asia Cup (T20 and One Day International); And Under-19 World Cup matches, semi-finals and final matches have been included in this list. In the tennis category, the men's and women's final matches of the Davis Cup and Grand Slam or all matches after the quarter-finals in which Indian players will play. Talking about hockey, all the matches of the World Cup and the Champions Trophy in which the Indian team will play will be considered under National Importance. Similarly, in badminton, all the matches of the All England Badminton Championship in which the Indian team will play.



## When Sachin Tendulkar spoke to Mahendra Singh Dhoni after stumping Brian Lara, 'Bola tha na maine'

In 2007, the West Indies cricket team was on a tour of India and the first One Day International match was being played in Nagpur. There were a lot of runs in that match, but in the midst of all this, the amazing work done by Sachin Tendulkar with ball after bat is still fresh in the minds of cricket fans. At that time Rahul Dravid was the captain of the Team India and Mahendra Singh Dhoni was a very young wicketkeeper. Batting first, India scored 338 for three in 50 overs. Sachin Tendulkar was run out on 98, Dhoni scored 62 not out off 42 balls and Dravid scored 54 not out off 35 balls. In response, West Indies also thrashed the Indian bowlers. Chris Gayle and Shivnarine Chanderpaul added 80 runs for the first wicket. Harbhajan Singh got India back in the match with early dismissals of Gayle and Runako Morton. West Indies had lost three wickets for 175 runs and it was Brian Lara with Chanderpaul set at the crease. Both were scoring runs fast. West Indies' score was 241 for three in 40.2 overs. Tendulkar was bowling, and then he bowled it - Third umpire fouled Rohit! DRS cheated, fans unhappy - Brian Lara came out of the crease on this ball of Tendulkar and Dhoni showed him the way to the pavilion, without losing the stumping opportunity. Tendulkar's celebration tells how happy he was about this wicket. Because Lara was looking in such a rhythm that if he had stayed, he would have returned after winning the match. After taking the wicket, Tendulkar told Dhoni, 'Bola tha na I'.



## Rajkummar Rao-Jhanvi Kapoor start shooting for Mr and Mrs Mahi

Mumbai Bollywood actor Rajkummar Rao and actress Janhvi Kapoor have started shooting for their upcoming film Mr and Mrs Mahi. Rajkummar Rao and Janhvi Kapoor have started shooting for the film 'Mr and Mrs' Mahi, which is being produced in Karan Johar's Dharma Production. Many best wishes. His post was also shared by Janhvi Kapoor and Rajkummar Rao. The first glimpse of the film was shared on Karan Johar's official Instagram page. first day of shooting begins. The film will be released in cinemas on October 7, 2022.



# कोई भी बालिका शिक्षा से वंचित न रहे, ड्रॉपआउट रेट में सुधार हो सके तथा निर्धन बालिकाओं को आगे बढ़ने का मौका मिले

मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी बालिका शिक्षा से वंचित न रहे, ड्रॉपआउट रेट में सुधार हो सके तथा निर्धन बालिकाओं को आगे बढ़ने का मौका मिले इस परिकल्पना को सोशल फाउंडेशन ने अपने प्रयासों से सार्थक किया है उनके द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। उन्होंने सभी छात्राओं से लक्ष्य को केंद्रित कर पढ़ाई करने का आव्हान किया तथा साथ ही स्वच्छता स्वास्थ्य एवं संस्कृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए जन जागरूकता के अभियान चलाने के लिए सभी शिक्षकों को बधाई भी दी। जिलाधिकारी ने ग्राम छजपुरा पूरा दोयम की संगीता सीतापुर से वैशाली, संदलीपुर की खुशबू, वाल्मीकि बस्ती की प्राची लाकडी फाजलपुर की प्रशंसा, हुसैनपुर छिरावाली से काजल काजीपुरा की आंचल सहित अन्य बालिकाओं को साइकिल भेट की। यह बालिकाएं विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत हैं राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर, जीजीआईसी लाइनपार, राजकीय हाई स्कूल हुसैनपुर, राजकीय इंटर कॉलेज सिहाली खद्दर सहित कई विद्यालय की बालिकाओं को साइकिल भेंट की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समीक्षा अग्रवाल, शोभित गुप्ता सुमित अग्रवाल ,रुपांशु सक्सेना रोशनी वर्मा आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया प्रावदा संवाददाता सोशल फाउंडेशन के संस्थापक डॉ अनुज अग्रवाल ने बताया कि सोशल फाउंडेशन गत 5 वर्षों से विभिन्न पर काम कर रहा है बालिकाओं को सिलाई मशीन वितरित की गई थी इस वर्ष ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली दस बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई है। सोशल फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष समीक्षा अग्रवाल एवं शोभित अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रावदा संवाददाता समारोह में अनुज मित्तल, मंजूगौतम ,शाजिया परवीन,डा0 मुक्ता अग्रवाल, नेपाल सिंह पाल, ब्रजबाला तोमर, शोभित गुप्ता, सलोनी जैन, अंशी भटनागर, शुभम कुमार, अभिषेक, रोशनी वर्मा, भारती अरोड़ा, प्रिया सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकार को खबर प्रकाशित करने पर प्रधान प्रतिनिधि ने ब्लॉक में धमकाया

नाजिम हुसैन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-भगतपुर- प्रधान प्रतिनिधि की खबर अखबार में प्रमुखता से छपने के बाद प्रधान प्रतिनिधि ने एक समाचार पत्र के पत्रकार को दबंगई दिखाते हुए डराया धमकाया। बता दें प्रदेश की पंचायतों में महिलाओं का एक तिहाई आरक्षण है,इस बार पंचायतों में महिला प्रतिनिधित्व 53.7 फीसदी है,जो एक तिहाई आरक्षण कोटे से कहीं अधिक है। इस बार महिलाएं पंचायतों का नेतृत्व संभालने के लिए आगे आई और उनकी भागीदारी भी पंचायत चुनाव में अधिक रही। सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ने और पंचायत की बागडोर संभालने के लिए प्रेरित किया, शासन के आदेशानुसार महिला प्रधान की जगह उसका सगा संबंधी ग्राम पंचायत की बागडोर नहीं संभालेगा। जबकि महिला ही ग्राम पंचायत से जुड़ी बैठक, पंचायत भवन का कार्यभार, गांव में हो रहा विकास कार्य और सभी योजनाएं की देखरेख महिला प्रधान स्वयं करेंगी लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है।बात की जाए भगतपुर टांडा ब्लॉक की यहां 73 ग्राम पंचायतों है, जिसमें 30 से अधिक ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जहां महिलाएं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हैं, इन सभी महिलाओं ने चुनाव लड़ा और जीती भी लेकिन चुनाव जीतने के बाद ग्राम पंचायत का कार्यभार नहीं संभाल सकी, यह बह महिला थी जो चुनाव तक सिमित रही, चुनाव जीतने के बाद इनके कार्यभार को इनके पति या पुत्र ही संभाल रहे है। प्रधान बनने के बाद महिलाएं हाउसवाइफ बनकर रह गई हैं। जानकरी के मुताबिक भगतपुर टांडा ब्लाक की ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों का कहना है कि जो महिलाएं पंचायत चुनाव जीतकर आई थी। उन्होंने कभी गांव में आकर नहीं देखा और ना ही किसी योजना की जानकारी बह दे पाती हैं। जबकि उनका सारा कार्यभारउनके प्रतिनिधि ही संभाल रहेहैं। जब इससे जुड़ी खबर एक पत्रकार ने अपने अखबार में प्रकाशित की तो ब्लॉक के ही एक गांव निवासी प्रधान प्रतिनिधि ने ब्लॉक में पत्रकार पर दबाव बनाकर उन्हें ब्लॉक में धमकाने ी कोशिश की। अब देखना यह है ऐसे प्रधान प्रतिनिधियों पर प्रशासन किस तरह से कार्यवाही करता है, या फिर अपनी दबंगई और मनमानी के चलते प्रशासन के आदेशों की अवहेलना करते रहेंगे।

WWW.KNLSLIVE.COM

# चार साल तक चला प्रेम-प्रसंग फिर कर ली शादी, सुहागरात पर दूल्हे से बोली दुल्हन, शारीरिक संबंध बनाना पसंद नहीं

यूपी के मुरादाबाद से एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। चार साल से प्रेम-प्रसंग में रही युवती की जब शादी हुई तो उसने अपने प्रेमी से सुहागरात पर ऐसी बात कह दी जिसे सुनकर दूल्हा ही नहीं सभी सुनकर हैरान रह गए। दरअसल दुल्हन ने सुहागरात पर दूल्हे के साथ शारीरिक संबंध बनाने से इनकार कर दिया। पति से दो टूक कह दिया पसंद ही नहीं है शारीरिक संबंध बनाना...। दोनों के बीच चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों के भारी विरोध के बीच ही दोनों की शादी हुई थी। बदनामी के कारण पंचायत के जरिए मसले को निपटाने की कोशिश की गई। सफलता नहीं मिली तो मामला नारी



उत्त्थान केंद पहुंचा। काउंसिलिंग के दौरान दोनों स्वेच्छा से अलग-अलग रहने के लिए राजी हो गए। मुरादाबाद निवासी युवती के प्रेम प्रसंग सोनीपत में इंजीनियर से हो गए। युवक का मुरादाबाद रिश्तेदारी में आना-जाना था। इसी बीच दोनों के बीच दोस्ती हो गई। करीब चार साल तक दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चलता रहा। प्रेमी युगल ने शादी करने की बात परिजनों के सामने रखी तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। इस पर युवती ने जहर खाकर आत्महत्या करने की धमकी परिजनों को दे डाली। लड़के ने भी परिजनों पर दबाव बनाया। तब जाकर दोनों की शादी हुई। सुहाग रात पर युवती ने प्रेमी से पति बने युवक से साफ कह दिया कि उसे शारीरिक संबंध बनाना पसंद नहीं है। मसले को पंचायत के जरिए निपटाने की कोशिश की गई, मगर सफलता नहीं मिल सकी। मसला नारी उत्थान केंद्र पहुंचने पर काउंसिलिंग ऋतु नारंग ने की। उन्होंने नव दंपति को साथ रहने के लिए समझाने के काफी प्रयास किए, मगर लड़की राजी नहीं हुई। बाद में दोनों स्वेच्छा से अलग-अलग रहने के लिए राजी हो गए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# किसानों की सिंचाई से सम्बन्धित समस्याओं का सुनकर करें निराकरण

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- उपाध्यक्ष उदय प्रताप नारायण सिंह (शिवाजीत सिंह) की अध्यक्षता में सरयू नहर खण्ड-6 कार्यालय भिनगा के सभागार में सिंचाई बन्धु समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के उपाध्यक्ष ने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार किसानो के लिए तमाम योजनाओं का संचालन कर किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह पहली सरकार है जो किसानो को राहत देने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर उन्हे लाभान्वित कर रही है क्योंकि देश का किसान खुशहाल होगा तो निश्चित ही हमारा समाज प्रगति की ओर होगा। बैठक में सिंचाई बन्धु उपाध्यक्ष ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सिंचाई से सम्बन्धित किसानों की हर छोटी बड़ी समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया जाए तथा उसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को भी देना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होने कृषकों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि रोस्टर के अनुसार ही नहरों का संचालन सुनिश्चित करें जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग एवं टेल तक पानी पहुंचाने, नहरों के कुलावों की व्यवस्था सम्बन्धी समस्याओं, नलकूपों के संचालन, सिंचाई शुल्क निर्धारण एवं कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अनुपस्थित पाये जाने वाले अधिकारियों को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये, और यह भी निर्देश दिया कि अगामी बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड-6 अजय कुमार, सहायक अभियंता, अवर अभियंता सहित सरयू नहर खण्ड के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विजयगढ़ थाने की महिला बैरक की दूसरी मंजिल से युवती में लगाई छलांग, गंभीर

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-विजयगढ़ थाने में मंगलवार की रात एक युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया 7 वह थाने में दूसरी मंजिल पर बनी महिला बैरक से कूद गई उसे गंभीर हालत में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के जवाहरलाल नेहरू (जेएन) मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है युवती ने जान देने की कोशिश की थी इस घटना ने अफसरों के होश उड़ा दिए हैं मामले की जांच एसपी देहात को दी गई है विजयगढ़ कस्बा निवासी युवती को का एक माह पहले कस्बा का एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था इसकी रिपोर्ट स्वजन ने थाने में दर्ज कराई थी तभी से इसकी तलाश की जा रही थी 5 मई को युवती को पुलिस ने एटा से बरामद कर लिया पुलिस इसका मेडिकल भी करा चुकी है बुधवार को युवती को कोर्ट में पेश किया जाना था जहां यह तय होना था कि वह किसके साथ जाएगी रात विजयगढ़ थाने में दूसरी मंजिल पर बनी महिला बैरक में यह युवती महिला सिपाही शिखा की कस्टडी में थी इसी बीच मौका देख युवती ने छत से छलांग लगा दी गंभीर रूप से घायल युवती का इलाज जेएन मेडिकल में चल रहा है एसपी देहात शुभम पटेल व अन्य पुलिस अधिकारी भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए इस बारे में एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि युवती ने दूसरी मंजिल पर बनी बैरक से कूदकर जान देने का प्रयास किया है उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है कोई बाहरी चोट नहीं मिली है अंदरूनी चोट हो सकती है एक्स-रे रिपोर्ट में युक्ति की उम्र 19 साल आई है इधर, देरशत युवती के स्वजन की ओर से आरोपित युवक व उसके परिजनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की तहरीर दी है

# इन्वेस्टर्स क्लिनिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एजेंट द्वारा किए गए फर्जीवाड़ा को लेकर पीड़ित पहुंचा एसएसपी कार्यालय दिया प्रार्थना पत्र

मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- मुरादाबाद निवासी पीड़ित व्यक्ति जयदेव का आरोप है कि उसने नोएडा की इन्वेस्टर्स क्लिनिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एजेंट जो मुरादाबाद निवासी है जहां उन्होंने उसे गाजियाबाद में एक फ्लैट बुक कराने को लेकर 1लाख 80 हजार रुपए की रकम दी थी वही पीड़ित का कहना है कि कंपनी के एजेंट को रकम देने के बाद वह कंपनी पीड़ित से और पैसों की मांग कर फ्रॉड कर रही है जिसके बाद पीड़ित ने अपना प्लेट तक कैंसिल करा लिया और अपनी दी हुई रकम को वापस मांगा लेकिन कंपनी द्वारा उसकी रकम वापस नहीं की गई है वही इस मामले की शिकायत पीड़ित व्यक्ति ने सिविल लाइंस पुलिस से की लेकिन उनकी शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जिसके बाद पीड़ित ने मुरादाबाद एसएसपी कार्यालय पहुंचकर धोखाधड़ी करने वाली कंपनी और कुछ लोगों के खिलाफ एक शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है

# तहसील बहेड़ी में सांसद वरुण गांधी ने की जनसभा

सुमित गुप्ता

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली जिले की तहसील बहेड़ी के ग्राम राइनवादा में सांसद वरुण गाँधी ने एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा की देश के लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा की अगर हम लोग गलत के खिलाफ एवं भर्ष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद नहीं करेंगे तो वह समय दूर नहीं जब हमारा पतन निश्चित है। वरुण गाँधी ने कहा की देश की बैंकिंग प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। बैंकों का 80त्न ऋण बड़े बड़े पूँजीपतिओ को बटा हुआ है सिर्फ 9त्न ऋण ही गरीब एवं किसान को दिया गया है। सरकारी नौकरियों के लगभग डेढ़ करोड़ पद खाली पड़े हुए है जिन पर भर्तियों की तुरंत आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा की पिछले एक साल में लगभग 26 पेपर जो की सरकारी नौकरियों के लिए करवाए जाते है लीक हुए है लेकिन अभी तक एक भी केस में किसी दोषी को सज़ा नहीं मिली है। इसलिए जनता को जागरूक होने की जरूरत है ताकि वो अपने हक़ के लिए लड़ सके। इस दौरान ग्राम प्रधान हीरा सिंह, सांसद प्रतिनिधि जैल सिंह,उप जिलाधिकारी पारुल परार, अतर सिंह राठौर, ढाकन लाल गंगवार, गुरविंदर सिंह, विक्रम सिंह, मुकेश कुमार एवं संतोष भारती आदि मौजूद रहे

# जिलाधिकारी समाज कल्याण विभाग अलीगढ़ को तलब करें छात्रों को छात्रवृत्ति क्यों नहीं मिल रही है- ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- भाजपा किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह से मिले कॉलेज के छात्र छात्रों की शिकायत है अभी तक इनको छात्रवृत्ति नहीं मिली है छात्रवृत्ति का हर कॉलेज के छात्रों को काफी इंतजार है छात्रों ने बताया है कि सबसे बड़ी समस्या छात्रवृत्ति की है छात्रवृत्ति पढ़ाई में शिक्षा में सहयोग करती है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह कहां है कि के जिला अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय को तलब करें कि छात्रों की छात्रवृत्ति क्यों नहीं आएंगे आए दिन छात्र समाज कल्याण विभाग के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन सफलता नहीं मिल रही है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि अधिकांश छात्र किसानों के परिवारों से हैं उन्होंने यह भी कहा है कि सरकार बराबर छात्रवृत्ति भेज रही है छात्रों को उपलब्ध क्यों नहीं हो रही है छात्रों की शिकायतें क्यों आ रही है समाज कल्याण विभाग को तलब किया जाए इस विभाग से छात्रों की सूची तलब की जाए साथ ही छात्रवृत्ति की सूची तलब की जाए कितने छात्रों को छात्रवृत्ति मिली है कितनों को नहीं मिली है छात्रों की समस्याएं अति गंभीर है जिलाधिकारी एवं सीडीओ को इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए सैकड़ों छात्र भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह से उनके निजी कार्यालय धनीपुर पर मिले हैं कल्याण विभाग अलीगढ़ छात्रवृत्ति को लेकर गंभीर नहीं है जिलाधिकारी अलीगढ़ समाज कल्याण विभाग को तलब करें छात्रों को उनका अधिकार दिलवाए छात्रवृत्ति के संबंध में जिला अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी से मिला जाएगा सरकार छात्रवृत्ति के पैसे को बराबर भेज रही है लेकिन छात्रों तक नहीं पहुंच रहा है इसलिए छात्रों की यह शिकायत है

# पाँच दिन पूर्व गायब बालक का नहीं लगा सुराग

लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती नवीन मॉडर्न थाना अंतर्गत ग्राम पुरे मंशाराम निवासी शुभंकर पुत्र मनोरंजन ने नवीन मॉडल थाना पर , प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका भांजा अमरनाथ पुत्र शंभू उम्र लगभग 14 वर्ष, कद 5 फुट 4 इंच है तथा उसने हल्का पीला फुल शर्ट तथा हल्का काला फुल पैंट पहने हुए हैं जिसका मूल निवास ग्राम मैकिनिया थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर है जो पूरे मंशाराम में अपने मामा के घर रहता था साइकिल से वीरपुर जाने को कह कर निकला काफी समय बाद भी बालक के घर पर वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई तो उसकी सभी जगह तलाश की गयी, लेकिन बालक का कहीं भी पता न चल सका। इसको लेकर चिंता होने पर मामा शुभंकर पुत्र मनोरंजन ने थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती में तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए बालक की तलाश करने में जुट गयी है।

www.knlslive.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी कार्य विस्तारक योजना के तहत बैठक संपन्न

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मोड़- कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी कार्य विस्तारक योजना के तहत बिहारपुर मंडल के शक्ति केंद्र टमकी और शक्ति केंद्र खोड में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य सुमन विजय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। बैठक में उन्होंने बताया की संगठन के शक्ति केंद्र विस्तार को और साइबर विस्तारको को अपने-अपने शक्ति केंद्रों में जाकर भाजपा की पंजी को भरने का काम दिया गया है जिसमें प्रत्येक वर्ग चाहे वह वरिष्ठ भाजपा का कार्यकर्ता हो स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बहने रेडी -टू -ईट चलाने वाली बहने युवा मोर्चा भाजपा कार्यकर्ता का प्रमुख हो या फिर कोई प्रमुख महिला कार्यकर्ता हो प्रत्येक बूथ पर जाकर अपनी भाजपा की पुस्तिका में उन प्रमुख व्यक्तियों का नाम भरने का काम दिया गया है। ताकि पार्टी संगठन इन बिंदुओं पर काम कर सके और संगठन को हम और मजबूत स्थिति में ला सकें साथ ही जनसंपर्क के माध्यम से और कांग्रेस की सरकार में जनता किस प्रकार त्रस्त है, दुखी है, समय पर मजदूरी भुगतान नहीं किया जा रहा है, ना ही उन्हें पूरी मजदूरी मिल पा रही है। किस प्रकार से जनता कांग्रेस द्वारा ठगी जारी है भाजपा संगठन की दृष्टि से इसका पता लगाया जाना भी आवश्यक है। प्रत्येक दिन 6 घंटे संगठन के लिए कार्य करेंगे प्रत्येक विस्तारक बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से मिलेंगे भौगोलिक परिस्थिति से अवगत होंगे संगठन द्वारा प्राप्त विभिन्न जानकारियों का प्रदान करेंगे केंद्र सरकार की योजनाओं क्रियान्वयन सही रूप से हो रहा है। इस दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पिता की मौत के बाद पुलिस विभाग में दी गई बाल आरक्षक की नौकरी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- सूरजपुर में साढे सात साल का नन्हा सिपाही, पिता की मौत के बाद पुलिस विभाग में दी गई बाल आरक्षक की नौकरी, पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने दिया नियुक्ति आदेश। जिले की पुलिस विभाग में महज साढे सात वर्ष के बच्चे को नियुक्ति दी गई है। बाल आरक्षक के रुप में भर्ती किए गए बच्चे के पिता की असामयिक निधन के बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। अपनी मां के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे बच्चे को पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने नियुक्ति आदेश प्रदाय किया। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने बताया कि यश कुमार यादव को बाल आरक्षक के रूप में नियुक्ति दी गई है। इनके पिता संजय कुमार यादव आरक्षक के पद पर चौकी करंजी में पदस्थ थे। नौकरी के दौरान आकस्मिक मृत्यु होने पर अनुकम्पा नियुक्ति की कार्रवाई पूरी करने के बाद यश कुमार यादव को पुलिस विभाग में बाल आरक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर आरक्षक के पद पर पदस्थ किया जाएगा।

## चाचा की हत्या करने वाले आरोपी भतीजे को चौकी रेवटी पुलिस ने किया गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ग्राम नरोला चौकी रेवटी निवासी प्रेमसाय सिंह ने चौकी में सूचना दिया कि 10 मई के रात्रि में इसके पिता रामवृक्ष घर के सामने पंडाल में सोया था रात्रि करीब 11 बजे मृतक का बड़ा भाई का लड़का देव प्रकाश वहां आया और सोए अवस्था में फावड़ा से प्रहार कर इसके पिता रामवृक्ष की हत्या कर दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर पुलिस मौके पर पहुंची जहां शव पंचनामा करने के उपरान्त धारा 302 भादस का मामला पंजीबद्व किया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने आरोपी की जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी को दिए। मृतक के द्वारा आपत्ति किये जाने से क्षुब्ध होकर फावड़ा से प्रहार कर चाचा रामवृक्ष की हत्या कर दिया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा जप्त कर आरोपी देवप्रकाश पिता रामजीत सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम नरोला, चौकी रेवटी को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में चौकी प्रभारी रेवटी के.डी.बनर्जी, प्रधान आरक्षक केश्वर मरावी, रामकुमार पैंकरा, आरक्षक अनिरूद पैंकरा, शैलू सिंह, शक्ति इलेवन एक्का व बलिन्दर खलखो सक्रिय रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 10 जून को होगा भव्य आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु सामूहिक विवाह के लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रारम्भ की गयी है। योजनान्तर्गत आवेदक के धर्म एवं रीति रिवाज के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। शासन द्वारा कुल 51 हजार प्रति जोडा खर्च किए जाने का प्राविधान है, जिसमें 35 हजार रूपये की धनराशि कन्या के बैंक खाते में, दस हजार रूपये की वैवाहिक सामग्री (कपडे, बिछिया, पायल, चांदी के तथा सात बर्तन) एवं छः हजार रूपये विवाह कार्यक्रम आयोजन में पण्डाल, फर्नीचर, भोजन, जलपान, पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश एवं अन्य व्यवस्था हेतु व्यय किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 10 जून 2022 को वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम हेतु पात्र जोडे अपना पंजीयन संबंधित विकास खण्ड एवं नगर पालिका व नगर पंचायत में करा सकते है। योजना के लिये पात्र लाभार्थी कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो, कन्या व कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमन्द हो, आवेदक के परिवार की वार्षिक आय दो लाख तक हो। विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है तथा वर के लिए 21 वर्ष की आयु पूर्ण हो गयी हो आयु की पुष्टि के लिये स्कूल शैक्षिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड मान्य होंगे। डीएम ने कहा कि निर्धन परिवारों की कन्या के विवाह एवं विधवा, परित्यक्तता एवं तलाकशुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया हो, का पुर्नविवाह। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछडे वर्गो के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वंय करना होगा। विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वंय दिव्यांग हो को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। पात्र आवेदक अपने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, नगर पालिका नगर पंचायत कार्यालय में सम्पर्क कर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, वर-वधू एवं अभिभावक का आधार कार्ड, वर कन्या का पासपोर्ट आकार का दो-दो फोटोग्राफ, बैंक पासबुक एवं मोबाइल नम्बर अंकित कराना अनिवार्य है।

## भीषण एक्सीडेंट-सवाजपुर डम्फर और टैम्पू की आमने सामने टक्कर

हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- सवाजपुर उपेंद्र तिवारी स्मृति महाविद्यालय के नजदीक धर्म कांटा के पास भीषण एक्सीडेंट, कई लोगों की मौत हो गई इस खबर की जैसे ही पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस,एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची मौके पर पहुंचते ही घायलों को अस्पताल भेजा, और घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है सूत्रों के मुताबिक डम्फर चालक फरार

## दिनेश का शव गांव पहुंचते ही मची चीख-पुकार

हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- शनिवार को हुए हमले में गंभीर रूप से घायल दिनेश अवस्थी ने भी सोमवार को लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरानन दम तोड़ दिया था। मंगलवार तड़के करीब चार बजे उनका शव लखनऊ से लाया गया। शव आते ही स्वजन में चीख-पुकार मच गई।ग्रामीणों व महिलाओं की भीड़ लग गई। शव उठते ही गली ग्रामीणों से भर गई। शनिवार सुबह हुए हमले में दिनेश अवस्थी, पत्नी मीरा देवी व पुत्री दीक्षा गोली लगने से घायल हो गए और पुत्र पीयूष अवस्थी की मौके पर ही मौत हो गई थी। घायलों को सीएचसी राजेपुर से रेफर किया गया। स्वजन गंभीर घायल दिनेश अवस्थी को स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी अस्पताल ले गए। वहां हालत नाजुक देख दिनेश अवस्थी को लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। सोमवार को दिनेश अवस्थी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। लखनऊ में पोस्टमार्टम होने व वाहन जाम में फंस जाने के कारण मंगलवार सुबह चार बजे शव घर पहुंच सका। शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। शव आने की सूचना मिलते ही ग्रामीण व महिलाएं पहुंच गए। अंतिम संस्कार के लिए शव उठते ही गली ग्रामीणों से भर गई। दिनेश अवस्थी के दो पुत्रियां बड़ी गुड़िया व दीक्षा और पुत्र अनुभव अवस्थी को बिलखते देख हर किसी की आंख नम हो रही थी। लेकिन अभी भी पीयूष के घर पर पुलिस तैनात है घर पर तैनात है पुलिस बल आरोपितों के घर नजदीक होने से घटना के बाद पुलिस बल व पीएसी प्रोवेंसियल आर्म्ड कांस्टेबुलेरी) तैनात कर दी गई। आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद पीएसी हटा दी गई, लेकिन मंगलवार को पुलिस बल घर पर तैनात रहा।

## फर्रुखाबाद से शातिर चोर प्रांशु व बंगाली को गिरफ्तार कर चोरी के बरामद किए कई ई- रिक्से

हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस ने शातिर चोर प्रांशु राजपूत एवं बंगाली को गिरफ्तार कर चोरी के कई ई- रिक्से बरामद किए हैं। शातिर चोरों ने बीते दिनों नगर के मोहल्ला सलावत खां निवासी रामगोपाल के 20 वर्षीय पुत्र अजीत की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर ई-रिक्शा लूट लिया था। शहर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने एसओजी प्रभारी बलराज भाटी के सहयोग से चोरों को तलाश किया। पुलिस ने ग्राम देवरामपुर के बाग से मोहल्ला बजरिया जाफर का निवासी प्रांशु राजपूत पुत्र सुरेश एवं जनपद कन्नौज थाना तिर्वा के मोहल्ला आजादनगर निवासी सुरेंद्र सिंह उर्फ बंगाली पुत्र मुन्ना लाल सक्सेना को गिरफ्तार किया है। इस दौरान मोहल्ला बजरिया जाफर का निवासी शातिर चोर मोनू ठाकुर भाग जाने में सफल रहा। पुलिस ने प्रांशु व बंगाली की निशानदेही पर चोरी किए गए तीन ई रिक्से बरामद किए हैं। पकड़े गए चोरों ने पुलिस को बताया कि हम लोग रात के समय ई रिक्से पर सवार होते हैं और मौका मिलते ही चालक की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर ई रिक्शे को लूट ले जाते हैं। 29 अप्रैल की रात 9 बजे प्रांशु व मोनू ठाकुर ने मोहल्ला बंगसपुरा मैदान से ई-रिक्शा लूटा था। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र से भी ई-रिक्सों की चोरी की थी हम लोग ई- रिक्सों को बेचकर रुपए आपस में बांट लेते हैं।

## ए. डी.ओ. पंचायत अपने-अपने क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रस्तुत करें रिपोर्ट अन्यथा वेतन रोक दिया जायेगा!

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -ग्राम विकास पर जिलाधिकारी का विशेष ध्यान! ए. डी.ओ. पंचायत अपने-अपने क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रस्तुत करें रिपोर्ट अन्यथा वेतन रोक दिया जायेगा! जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आज यहाँ कलैक्ट्रेट सभागार में पंचायती राज, ग्राम्य विकास, एवं लघु सिंचाई विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षैत्रों के विकास एवं योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए समस्त ए. डी.ओ. पंचायत अपने क्षेत्र का अनिवार्य रूप से निरीक्षण कर 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करें , अन्यथा इनका वेतन रोक दिया जायेगा, जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड में एक माडल ग्राम बनाया जायेगा, बैठक में बताया गया कि 178 पंचायत भवनों का कार्य पूरा हो चुका है , 15 अवशेष हैं आप्रेशन कायाकल्प मामले में आधे अधूरे कामों को पूरा करके पूर्ण रूप से संतृप्त कराऐं, शौचालय, हैन्ड पंपों की स्थिति की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें!

## 05 दिवसीय समर कैंप/हॉबी क्लासेस का हुआ सकुशल समापन। पुलिस फैमिली वेलफेयर "वामा सारथी" कैलेंडर



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -पुलिस फैमिली वेलफेयर वामा सारथी कैलेंडर के अनुसार अध्यक्षा वामा सारथी श्रीमती शिखा सिंह के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन जनपद एटा में 05 दिवसीय समर कैंप/हॉबी क्लासेस का हुआ सकुशल समापन। पुलिस फैमिली वेलफेयर वामा सारथी कैलेंडर के अनुसार श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद-एटा के निर्देशन एवं स्थानीय अध्यक्षा वामा सारथी श्रीमती शिखा सिंह (धर्मपत्नी एसएसपी सर एटा) के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन जनपद एटा में 05 दिवसीय समर कैंप/हॉबी एक्सक्लासेस का आयोजन दिनांक 05-05-2022 से 09-05-2022 तक सकुशल संपन्न कराया गया। जिसमें पुलिस अधिकारी / कर्मचारी तथा पुलिस परिवार की महिलाएं एवं बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों (योगा, फैमिली प्लानिंग, डांस, गाना, साज-सज्जा, एनर्जी ड्रिंक, सैलिड मेकिंग आदि) में भाग लिया गया। कार्यक्रम के समापन दिवस पर प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय उपाध्यक्षा वामा सारथी श्रीमती रेणुका सिंह (धर्मपत्नी एडिशनल एसपी , एटा), प्रभारी निरीक्षक महिला थाना- श्रीमती नंदनी सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन एटा - श्री हरपाल सिंह, प्रभारी पुलिस फैमिली वेलफेयर - वीरपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## दोनों पक्षों को काफी समझा-बुझाकर समझौता कराया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र एटा में आज दो टूटे हुए परिवारों का समझौता कराया गया। जिसमे पहला मामले में प्रथम पक्ष श्रीमती रेखा देवी पत्नी स्व मनोज कुमार नि0 भगथरा थाना सिढपुरा जिला कासगंज व द्वितीय पक्ष बबलू पुत्र धारा सिंह निवासी नगला मदी थाना कोतवाली देहात जिला एटा के मध्य काफी दिनों से आपसी विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को काफी समझा-बुझाकर समझौता कराया गया। वही दूसरे मामले मे प्रथम पक्ष सोमवती पुत्री ओमप्रकाश नि0 भगथरा थाना सिढपुरा जिला कासगंज व द्वितीय पक्ष दिव्याशु पुत्र कुन्दन सिंह नि0 गांव पवाँस थाना कोतवाली देहात का भी समझौता कराया गया ।आज की बैठक में काउंसलर गीता शर्मा व सचिंद्र गुप्ता व पुलिस स्टाफ से हैड कांस्टेबल मिथलेश , कांस्टेबल सुधा, कांस्टेबल रजनी वर्मा व कांस्टेबल पूजा यादव मोजूद रहे।

## जब्त वाहनों के निस्तारण के अभियान के तहत अब तक 114 वाहनों का किया गया निस्तारण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन एवम् अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती स्नेहलता के निकट पर्यवेक्षण में जनपद एटा में अपर मुख्य सचिव गृह (पुलिस) अनुभाग-13 के पत्र संख्या-462(1)/6-पु-13-2022 दिनांक 01.04.2022 के क्रम में चलाये जा रहे अभियान माल निस्तारण के क्रम में दिनांक 09.05.2022 को तहसीलदार अलीगंज तथा क्षेत्राधिकारी अलीगंज की उपस्थिति में थाना राजा का रामपुर के 07 तथा थाना जैथरा के 13 वाहनों और दिनांक 10.05.2022 को तहसीलदार सदर एटा एवम् अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर की उपस्थिति में थाना कोतवाली नगर के 68 लंबित वाहनों की मा0 न्यायालय से आदेश प्राप्त कर नीलामी करायी गयी तथा वाहनों की नीलामी से प्राप्त धन को राजकोष में जमा गया। अभियान के तहत अब तक जनपद में कुल 114 वाहनों का निस्तारण नीलामी/सुपर्दगी के माध्यम से कराया जा चुका है।

